## नशा तस्कर नदीम को नगर निगम ने दिया अतिक्रमण पर नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पुलिस और एएनटीएफ के ऊपर पथराव मामले में मुख्य आरोपी नदीम के घर पर नगर निगम ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का नोटिस चस्पा किया है। 15 दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। नोटिस का तय समय में जबाव नहीं देने पर नगर निगम अतिक्रमण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा।

बता दें कि कुछ दिनों पूर्व ही मेयर विकास शर्मा ने नशा तस्करों के अवैध निर्माणों को चिह्नित कर कार्रवाई की बात कही थी। शुक्रवार को रुद्रपुर नगर निगम की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, सुभाष कॉलोनी निवासी नदीम के मकान को लेकर जांच में पाया गया है कि संबंधित भूमि नगर निगम के अभिलेखों में दर्ज सरकारी भूमि की श्रेणी में आती है। आरोप है कि इस स्थान पर बिना अनुमति के पक्का निर्माण कर आवास, शेड और अन्य ढांचे बनाकर अतिक्रमण किया गया है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित व्यक्ति को 15 दिन के भीतर भूमि स्वामित्व से जुड़े सभी वैध दस्तावेज नगर निगम कार्यालय में पेश करने होंगे। अगर तय समय सीमा में कोई जवाब या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो नगर निगम प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। जिसका पूरा खर्च भी संबंधित व्यक्ति से ही वसूला जाएगा।

बताया जा रहा है कि हाल ही में पुलिस पर हुए पथराव के मामले में आरोपी के तौर पर सामने आए नदीम के खिलाफ अब प्रशासनिक स्तर पर भी जांच की जा रही है। मेयर विकास शर्मा ने बताया कि नशा तस्करों के अवैध निर्माण की जांच की जाएगी।

# महापौर के प्रयास लाए रंग, रुद्रपुर में जल भराव से मिलेगी निजात

- **ड्रेनेज सिस्टम के लिए जल्द जारी होगी 111 करोड़ की पहली किश्त**
- **460 करोड़ की ड्रेनेज योजना को मिली हरी झंडी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहरवासियों को एक ओर बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वर्षों से मानसून के दौरान जलभराव की मार झेल रहे रुद्रपुर को इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए महापौर विकास शर्मा के दूरदर्शी प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। शासन ने शहर के ड्रेनेज सिस्टम के कायाकल्प के लिए तैयार की गई 460 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति दे दी है। इस योजना के धरातल पर उतरने की शुरुआत के रूप में 111 करोड़ रुपये की पहली किश्त जल्द ही जारी होने जा रही है।

शासन के सचिव युगल किशोर पंत से दूरभाष पर हुई विस्तृत वार्ता के बाद इस बड़ी उपलब्धि की पृष्ठभूमि साझा करते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि कार्यभार संभालने से पहले ड्रेनेज सिस्टम के लिए 300 करोड़ का एक पुराना प्रोजेक्ट फाइलों में दबा हुआ था। शहर की पीड़ा को समझते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से व्यक्तिगत स्तर पर कई मुलाकातें कीं और समस्या की गंभीरता से उन्हें अवगत कराया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने शहर का व्यापक सर्वे किया और स्थानीय पार्षदों के सुझावों को शामिल करते हुए एक व्यावहारिक और प्रभावी नया प्रस्ताव तैयार किया गया। गहन मंथन के बाद तैयार इस 460 करोड़ के मास्टर प्लान में पूरे शहर को चार अलग-अलग जोनों में बांटा गया है। योजना के प्रथम चरण के तहत जोन-1 (वार्ड संख्या 1 फुलसूंगा और वार्ड संख्या 16 बगवाड़ा क्षेत्र) के लिए 111 करोड़ रुपये की राशि जल्द जारी होने जा रही है। जिससे निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। पहले चरण की प्रगति के आधार पर आगामी चरणों के लिए शेष बजट जारी किया जाएगा।

महापौर ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना रूद्रपुर के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर का समग्र विकास और बुनियादी जन-समस्याओं का स्थाई निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास का यह रथ बिना रुके इसी तरह आगे बढ़ता रहेगा, जिससे आने वाले समय में रुद्रपुर एक आधुनिक और जलभराव मुक्त शहर के रूप में अपनी नई पहचान बनाएगा।

### एक नजर

## दुकानों को हटाने को लेकर टनकपुर पावर स्टेशन को बेवजह विवाद में घसीटना अनुचितः प्रभारी महाप्रबंधक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** टनकपुर पावर स्टेशन के बैराज समीप दाएं फ्लेक्स के समीप दुकानों को लगाए जाने को लेकर चलाए जा रहे विवाद को लेकर टनकपुर पावर स्टेशन के प्रभारी महाप्रबंधक ऋषि रंजन ने कहा है कि बैराज की सुरक्षा और सुरक्षा कारणों के चलते यह किसी भी कीमत पर संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि टनकपुर पावर स्टेशन के बाढ़बंदी के बाहर 200 मीटर की दूरी पर दुकान लगाई जा सकती हैं, इसके लिए जो भी सहयोग की जरूरत होगी उसे पावर स्टेशन द्वारा दिया जाएगा।

> **पावर स्टेशन की बाढ़बंदी के बाहर 200 मीटर की दूरी पर दुकान लगाने में कोई परेशानी नहीं**

टनकपुर पावर स्टेशन के विश्रामगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में टनकपुर पावर स्टेशन के प्रभारी महाप्रबंधक ऋषि रंजन ने कहा कि टनकपुर पावर स्टेशन की संवेदनशील जगह की भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को हटाने को लेकर टनकपुर पावर स्टेशन को बेवजह विवाद में घसीटना बिल्कुल अनुचित है। पावर स्टेशन द्वारा जो भी कदम उठाए गए हैं, वह नियमानुसार और मुख्यालय के आदेश अनुसार लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा क्षेत्र में शिक्षा से लेकर निर्माण कार्यों तक हर जगह अपना योगदान दिया जा रहा है ताकि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा चुका में ढाई करोड़ की लागत से 30 कमरों का यात्री विश्रामगृह, एक करोड रुपये की लागत से पावर स्टेशन से गेट से पत्नी तिराहे तक सड़क का निर्माण, टनकपुर पावर स्टेशन में 260 लोगों को संविदा पर नौकरी, 500000 की लागत से एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कॉलेज में लैब का निर्माण, क्षेत्र में 298 टॉयलेट का निर्माण, क्षेत्र के विभिन्न गांव में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का लगाया जाना आदि तमाम कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि टनकपुर पावर स्टेशन में उत्पन्न होने वाली बिजली का 12 प्रतिशत राज्य सरकार को निशुल्क दिया जाता है। इसके अलावा पड़ोसी देश नेपाल को सिंचाई के लिए प्रतिदिन 500 क्यूसेक जल और मुफ्त बिजली भारत नेपाल मित्रता और महाकाली संधि के तहत दी जाती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा क्षेत्र के विकास के लिए टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिन्हें आने वाले समय पर धरातल पर उतर जाएगा।

उन्होंने दोहराया कि टनकपुर पावर स्टेशन को विवाद में नहीं घसीटना चाहिए, यह राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है जो अपनी जिम्मेदारी को भली भांति समझती है। टनकपुर पावर स्टेशन के बांधों के निर्माण को करीब 32 वर्ष गुजर चुके हैं, जिससे यह कमजोर पड़ चुके हैं और तीन स्थानों पर पानी का रिसाव भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि पानी का रिसाव होना गंभीर बात है। इसको देखते हुए वर्ष 2027 से बांधों को मजबूत बनाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य होना है, ताकि बांध का प्रोटेक्शन हो सके, जिसकी अभी से रूपरेखा शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बांधों की सुरक्षा में चूक टनकपुर पावर स्टेशन और क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारी पड़ सकती है। इसलिए टनकपुर पावर स्टेशन इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरसेगा। इस अवसर पर टनकपुर के अन्य अधिकारी गण भी मौजूद थे।

## आईटीबीपी जवान के पिता की मौत पर मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आईटीबीपी लेह-लद्दाख में तैनात शैलेन्द्र सिंह नेगी ने डीएम नितिन सिंह भदौरिया को शिकायत देकर कहा उनके पिता का 13 जनवरी को रुद्रपुर-गदरपुर रोड पर ग्राम कटोपा में एक तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया था। हादसे में उनके पिता की मौके दम तोड़ दिया था। आरोप है कि मामले में अभी तक पुलिस ने वाहन को नहीं पकड़ा है।ढ

इसके संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत की गयी है। डीएम ने उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रपुर मनीष बिष्ट को जांच अधिकारी नामित किया है। उन्होंने बताया घटना के संबंध में यदि कोई व्यक्ति जानकारी रखता हो या कथन करना चाहता है। तो वह विज्ञप्ति जारी होने के एक सप्ताह के भीतर साक्ष्य सहित अपना कथन एसडीएम के सम्मुख प्रस्तुत कर सकते हैं।

# गदरपुर नगर पालिका फिर सुर्खियों में

- **कूड़ा गाड़ियों से कैमरे और नंबर प्लेट गायब!**
- **कैमरों का खेल या बड़ी लापरवाही?**
- **गदरपुर नगर पालिका पर उठे सवाल**
- **डोर टू डोर कलेक्शन पर सवालिया निशानः गदरपुर में नियम ताक पर!**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर पालिका एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में है। इस बार मामला सीधा-सीधा लापरवाही और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता नजर आ रहा है। नगर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए चलने वाली गाड़ियों पर कुछ समय पहले बड़े जोर-शोर से कैमरे लगवाए गए थे। दावा किया गया था कि इससे सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, कर्मचारियों की निगरानी बेहतर होगी और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान संभव होगा। लेकिन अब हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं।

नगरवासियों का कहना है कि जिन वाहनों पर कैमरे लगाए गए थे, उनमें से अधिकांश पर अब कैमरे दिखाई ही नहीं दे रहे। सवाल उठता हैख़्रआखिर ये कैमरे गए कहां? क्या वे खराब हो गए, हटाए गए या फिर किसी और जगह शिफ्ट कर दिए गए? इस पूरे मामले में नगर पालिका की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, जिससे संदेह और गहरा गया है।

मामले में एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। जिन गाड़ियों से प्रतिदिन घर-घर से कूड़ा उठाया जा रहा है, उनमें से कई वाहनों पर नंबर प्लेट तक नहीं है। बिना नंबर प्लेट के वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो नियमों की खुली अनदेखी मानी जा रही है। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना हो जाए या शिकायत दर्ज करनी हो तो वाहन की पहचान कैसे होगी? यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

> कूड़ा वाहनों पर कैमरे लगे होने का मामला संज्ञान में नहीं है इसकी जांच की जाएगी और अगर नंबर प्लेट वाहनों पर नहीं है तो सफाई कंपनी को जल्दी निर्देशित किया जाएगा कि वाहनों पर आगे पीछे नंबर प्लेट लगाई जाए
> **कैलाश सिंह पटवाल**
> **अधिशासी अधिकारी गदरपुर**

> अगर नगर पालिका परिषद गदरपुर द्वारा बिना नंबर प्लेट के वाहनों से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हो रहा है तो इसकी जांच करवाई जाएगी और इस मामले में जल्द नगर पालिका गदरपुर को नोटिस भेज कर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **मोहित कोठारी**
> **सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था सुधारने के नाम पर बजट तो खर्च होता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

कैमरों की खरीद और स्थापना पर कितना खर्च हुआ, उनकी देखरेख की जिम्मेदारी किसकी थी और अब उनकी स्थिति क्या है, इन सवालों के जवाब जनता जानना चाहती है। अब देखना यह है कि नगर पालिका इस मामले पर क्या सफाई देती है और क्या लापरवाही पर कोई कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। फिलहाल गदरपुर में यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पुलिस लाइन में हुई साप्ताहिक पुलिस परेड

- **जवानों की फिटनेस, अनुशासन और टर्नआउट का निरीक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक पुलिस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस जवानों की फिटनेस, अनुशासन और ड्रिल का निरीक्षण किया गया। एसएसपी अजय गणपति ने परेड की सलामी लेकर जवानों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें बेहतर पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया।

परेड की शुरुआत जवानों की शारीरिक दक्षता को मजबूत करने के उद्देश्य से हल्की दौड़ के साथ की गई। इसके बाद एसएसपी ने परेड का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों के टर्नआउट, वर्दी और साज-सज्जा की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान जहां कमियां पाई गईं, वहां उन्हें सुधारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। परेड के दौरान पुलिस जवानों को अलग-अलग टोलियों में विभाजित कर टोलीवार ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही शस्त्राभ्यास भी कराया गया, ताकि जवानों को हथियारों के सही रखरखाव और आवश्यकता पड़ने पर उनके त्वरित एवं प्रभावी उपयोग की जानकारी मिल सके। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि पुलिस बल के लिए शारीरिक फिटनेस केवल ड्यूटी का हिस्सा नहीं बल्कि एक जीवनशैली होनी चाहिए। फिट और अनुशासित पुलिस बल ही बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम होता है।

# अल्पसंख्यक निदेशालय के जीएम शाहिद पहुंचे खटीमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड सरकार द्वारा अल्पसंख्यक नगर निगम निद. ेशालय देहरादून से जनरल मैनेजर डॉक्टर शाहिद समीर सिद्दीकी अपनी भ्रमण के दौरान खटीमा पहुंचे। जिसमें खटीमा के अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चे और बच्चियों को अल्पसंख्यक समाज के स्कीम के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान डॉ सिद्दीकी ने बताया की उत्तराखंड सरकार माइनॉरिटी के लोगों के ऊपर बहुत ध्यानपूर्वक काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हुनर योजना में 18 साल से प्लस बच्चों को सिलाई कढ़ाई, पार्लर, कंप्यूटर कोर्स आदि हुनर से जोड़कर के आत्मनिर्भर बनाया जाता है। स्वरोजगार योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को 25 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उत्तराखंड सरकार लोन देती है जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के कोई भी व्यक्ति अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए स्वरोजगार योजना के तहत 25% सब्सिडी के साथ लोन आसानी ले सकता है। एजुकेशन लोन, एमबीबीएस, बीएमएस या टेक्निकल कोई भी कोर्स या प्रोफेशनल कोई भी कोर्स के लिए बच्चा आसानी लोन ले सकता है और अपनी पढ़ाई के 6 महीने के बाद लोन किस्त के माध्यम से बिना इंट्रेस्ट के जमा कराएगा। इस मौके पर मोहम्मद खालिद हुसैन, प्रिंसिपल मदरसा गौसिया मौलाना अहमद साहब, मास्टर चुंबन साहब, मौलाना सज्जाद हुसैन साहब, मुफ्ती मुहाफिज राजा आदि मौजूद रहे।

## बंतोली की बेटी कुसुम फर्त्याल ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** बंतोली गांव की बेटी कुसुम फर्त्याल ने राष्ट्रीय स्तर की जेआरएफ परीक्षा में 99.5 अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है और हर उम्र के लोगों ने उन्हें फूलों की बौछार कर आशीर्वाद दिया।

> **जेआरएफ में 99.5 अंक हासिल कर गांव में बना गौरव का माहौल**

होली पर्व के बाद गांव में आयोजित पारंपरिक कार्यक्रम के दौरान हलवा बनाकर प्रसाद वितरित किया गया। इसी अवसर पर ग्रामीणों ने कुसुम फर्त्याल को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बुजुर्गों ने बेटी की इस उपलब्धि को पूरे गांव के लिए गौरव का क्षण बताया। पूर्व ग्राम प्रधान गोविंद सिंह की अध्यक्षता और ग्राम प्रधान नारायण सिंह के संचालन में आयोजित समारोह में 90 वर्षीय कर्म सिंह ने कहा कि जीवन के इस अंतिम पड़ाव में गांव की बेटी को इतनी बड़ी सफलता हासिल करते देख उनका हौसला और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कुसुम की मेहनत और लगन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी। समारोह में गोविंद सिंह, प्रेम सिंह, हीरा सिंह, त्रिलोक सिंह, सुरेश सिंह, धर्म सिंह, राजेंद्र सिंह और मनोहर सिंह सहित कई ग्रामीणों ने कुसुम को आशीर्वाद दिया।

## मायावती अद्वैत आश्रम में 'अद्वैतामृतम्' आध्यात्मिक शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** हिमालय की शांत व आध्यात्मिक वादियों में स्थित मायावती अद्वैत आश्रम में आज से "अद्वैतामृतम्" नामक दस दिवसीय आध्यात्मिक शिविर का शुभारंभ हो गया है। इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए 37 साधक भाग ले रहे हैं, जो आने वाले दस दिनों तक अद्वैत वेदान्त के गूढ़ दर्शन और आध्यात्मिक साधना का गहन अध्ययन करेंगे।

शिविर का संचालन अद्वैत आश्रम के विद्वान अध्यक्ष एवं दर्जनों विश्व विख्यात पुस्तकों के लेखक स्वामी शुद्धिदानन्द के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उनके सान्निध्य में प्रतिभागियों को अद्वैत वेदान्त के सिद्धांत, आध्यात्मिक चिंतन, ध्यान, योग और आत्मबोध से जुड़ी शिक्षाएं प्रदान की जा रही है। आश्रम परिसर के शांत, प्राकृतिक और आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को भारतीय सनातन परंपरा के महान दर्शन अद्वैत वेदान्त से परिचित कराना और जीवन में आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा देना है। शिविर के दौरान प्रतिदिन ध्यान, प्रार्थना, सत्संग, शास्त्र अध्ययन और आध्यात्मिक चर्चा के सत्र आयोजित किए जाएंगे। स्वामी शुद्धिदानन्द जी महाराज के अनुसार "अद्वैतामृतम्" शिविर केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम ही नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, साधना और आंतरिक शांति प्राप्त करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर-बिलासपुर रोड पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने बुजुर्ग पिता मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल बेटे का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार अपनी बेटी को छोड़कर वापस घर लौट रहे थे।

के मुताबिक, 61 वर्षीय नारायण दास निवासी सुभाष कॉलोनी वार्ड नंबर 27 गुरुवार दोपहर को अपनी बेटी को छोड़ने के लिए रामपुर गए थे। देर रात वह अपने बेटे के साथ बाइक पर वापस घर को आ रहे थे। जैसे ही वह रुद्रपुर-बिलासपुर रिंग रोड के पास पहुंचे। तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस उनके पैरों को कुचलते हुए निकल गई। वहीं बेटा भी घायल हो गया। दोनों घायलों को राहगीरों ने जिला अस्पताल पहुंचाया और अस्पताल पहुंची पुलिस ने घायल बेटे से परिजनों का नंबर लेकर घटना की जानकारी दी। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि मामला बिलासपुर चौकी क्षेत्र का है। फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।




## पूजा व अंशिका का इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग की दो छात्राओं का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2025 में चयन हुआ है। खटीमा की दोनों छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा पूजा भारद्वाज तथा अंशिका उपाध्याय का चयन उनके अभिनव विज्ञान परियोजना कार्य के आधार पर किया गया है। इस योजना के अंतर्गत चयनित प्रत्येक छात्र को 10,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। जिससे वे अपने वैज्ञानिक विचारों एवं परियोजनाओं को आगे विकसित कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रबंधक राजेश पाल, प्रशासिका विनीता चंद तथा प्रधानाचार्य रामयश सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



















## बरहैनी के झारखंडी आबादी क्षेत्र में घुसा हाथी, फसल रौंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैनी क्षेत्र के झारखंडी आबादी इलाके में एक विशालकाय हाथी के घुस आने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। देर रात खेतों में पहुंचे हाथी ने कई किसानों की खड़ी फसल को रौंद दिया, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा।ग्रामीणों के अनुसार हाथी के गांव के पास आने की सूचना वन विभाग को दी गई, लेकिन समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गांव के लोगों में वन विभाग के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है। हाथी के डर से ग्रामीण रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं और इलाके में भय का माहौल बना हुआ है।

## छोटी बगुलिया में ग्रामीणों को बांटे डस्टबिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** खंड विकास कार्यालय के सहयोग से ब्लॉक प्रमुख के मार्गदर्शन में क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता देवी द्वारा ग्राम छोटी बगुलिया में ग्रामीणों को लगभग 400 डस्टबिन का वितरण किया गया। यह डस्टबिन स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीणों को कूड़ा प्रबंधन हेतु जागरूक करने के लिए बांटा गया।

